राज तिलक है राम लला का धूम मची हरि नाम की

राज तिलक है राम लला का,
धूम मची हरि नाम की,
जय हो राजा राम की,
जय हो अयोध्या धाम की।bd।

माता जानकी संग विराजे,
रघुवर दीनानाथ है,
भरत लक्ष्मण शत्रुघ्न जी,
तीनों भैया साथ है,
बलिहारी जाते है रघुवर,
सेवा देख हनुमान की,
जय हो राजा राम की,
जय हो अयोध्या धाम की।bd।

खत्म हुआ वनवास प्रभु का,
घर घर दीप जलाएंगे,
अपने प्यारे राम लला की,
जय जयकार बुलाएंगे,
जयकारो से गूंज उठेगी,
धरती भारत धाम की,
जय हो राजा राम की,
जय हो अयोध्या धाम की।bd।

संत ऋषि मुनियों भक्तो की,
भक्ति का परिणाम है,
सत्य सनातन धर्म की जय जय,
हो रही चारों धाम है,
'कुक्की' आज बधाई गावे,
श्री रघुवर के नाम की,
जय हो राजा राम की,
जय हो अयोध्या धाम की।bd।

राज तिलक है राम लला का,
धूम मची हरि नाम की,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जय हो राजा राम की,
जय हो अयोध्या धाम की।bd।

Singer & Lyrics – Kukki Arora

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com